# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

शिक्षा मंत्रालय (मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
**Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan**
Ministry of Education (Ministry of HRD, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)


पत्र सं. 3-1/2020(प्र.वि.)/मसारावेविप्र/ दिनांक 05-01-2021

## विज्ञापन

## महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान के वेद-अनुसन्धान-केन्द्र-गतिविधियों हेतु अध्येता / विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान के वेद अनुसन्धान केन्द्र गतिविधि हेतु विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं –

| क्र. | विषय | आयु | स्थान -संख्या | मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ अध्येता | अधिकतम 70 वर्ष | 05 | 80,000/- |
| 2 | कनिष्ठ अध्येता | न्यूनतम 21 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष | 05 | 40,000/- |
| 3 | डी.टी.पी | न्यूनतम 21 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष | 02 | 18,000/- |
| 4 | कार्यालय स्टाफ | न्यूनतम 21 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष | 01 | 18,000/- |
| 5 | एमटीएस | न्यूनतम 21 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष | 01 | 15,000/- |

निर्धारित स्थान-संख्या कम भी हो सकती है।

## अर्हताएं-

### (अ) वरिष्ठ शोध अध्येता -

(1) वेद में शोध हेतु वेद / वेदाङ्ग विषय के वरिष्ठ विद्वान् जो देश के वेद, संस्कृत या अन्य विश्वविद्यालयों से सेवानिवृत्त प्रोफेसर हों और 70 वर्ष से कम आयु के होंगे, आवेदन कर सकेंगे ।

**अथवा**

(a) वेद से सम्बद्ध वैज्ञानिक शोध हेतु वरिष्ठ वेद विद्वान् होते हुए विज्ञान में शोध उपाधि प्राप्त किया हो या वशिष्ठ वैज्ञानिक जो देश के विश्वविद्यालयों से / संस्थानों से सेवानिवृत्त विज्ञान प्रोफेसर/समकक्ष वैज्ञानिक हों, (b) वेद-विज्ञान में प्रतिष्ठित विद्वान के रूप में मानित हों और 70 वर्ष से कम आयु के होंगे, आवेदन कर सकेंगे ।




**दूरभाष** (0734)2502266, 2502254, 2502255 **फैक्स** (0734-2502253)
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in

## (आ) कनिष्ठ शोध अध्येता -

(1) कनिष्ठ अध्येता देश के वेद, संस्कृत या अन्य विश्वविद्यालयों से वेद/वेदाङ्ग विषय से पीएच.डी. या समकक्ष उपाधि प्राप्त किये हों और 40 वर्ष से कम आयु के होंगे, आवेदन कर सकेंगे ।

**अथवा**

वेद विज्ञान में शोध हेतु देश के/ विदेशों के विश्वविद्यालयों से / वैज्ञानिक संस्थानों से विज्ञान में पीएच.डी. या समकक्ष उपाधि प्राप्त किये हों, वेद में जो विज्ञान छिपा है उस पर चिन्तन किये हों, कोई आधारभूत अनुसन्धान द्वारा वैदिक विज्ञान को सामने रखना चाहते हैं और 40 वर्ष से कम आयु के होंगे, आवेदन कर सकेंगे ।

## शोध अध्येता ध्यान दें -

उपर्युक्त योग्यता के अतिरिक्त हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा में वैज्ञानिक शोध प्रस्तुत करने पर बल दिया जायेगा।

## ऐच्छिक

कम्प्यूटर में कार्य क्षमता अपेक्षित रहेगी।

## (इ) डीटीपी प्रोफेशनल -

## अनिवार्य

(a) किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से या संस्था से दसवीं या समकक्ष उत्तीर्ण प्रमाण पत्र ।
(b) हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत-यूनिकोड टाइपिंग गति 35 शब्द प्रति मिनट् एवं पुस्तक सेटिंग-पेजमेकर साफ्टवेयर में- डीटीपी में 2 वर्ष का अनुभव।
(c) देवनागरी या वेद पुस्तक में स्वर अंकन-डीटीपी में भी अनुभव ।
(d) डिसाइनिंग साफ्टवेयर- फोटोशॉप, कॉरल-ड्रा आदि में प्रावीण्य।

## वांछनीय

(e) हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत भाषा में कार्य क्षमता।

## (ई) कार्यालय स्टाफ -

### अनिवार्य

(a) किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या समकक्ष उपाधि, जिसमें किसी स्तर पर संस्कृत या वेद अध्ययन किया हो।

(b) कम्प्यूटर में कार्य कौशल एवं हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत-भारतीय लिपियों में यूनिकोड टाइपिंग गति 35 शब्द प्रति मिनट् एवं 2 वर्ष का अनुभव ।

### वांछनीय

(c) संस्कृत या वेद संबद्ध कार्यालय में कार्य का अनुभव।

(d) हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत भाषा में कार्य क्षमता।

## (उ) एम. टी. एस. -

### अनिवार्य

(a) किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्था से संस्कृत या वेद के साथ दसवीं कक्षा या समकक्ष उत्तीर्ण प्रमाण पत्र।

(b) कम्प्यूटर में स्वयं कार्य क्षमता एवं 1 वर्ष का अनुभव।

### वांछनीय

(c) संस्कृत या वेद संबद्ध कार्यालय में कार्य का अनुभव।

(d) हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा में कार्य क्षमता।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन परिसर के अनुसन्धान केन्द्र में अनुसन्धान हेतु यह सेवाएँ निर्धारित परियोजना/गतिविधियों के लिए परियोजना पूर्ण करने की निर्धारित समयावधि तक अथवा प्रतिष्ठान का आदेश, जो भी पहले हो, तक ही रहेगी । ये सेवाएँ किसी भी प्रकार से प्रतिष्ठान में स्थायी नियुक्ति नहीं है, केवल अस्थाई रूप से निर्धारित मानदेय पर, परियोजना के लिए ही होंगी। उपर्युक्त सेवाएँ पूर्ण रूप से संविदा आधार पर ही रहेंगी।

अध्येता को प्रत्येक 3 से 6 माह में अनुसन्धान कार्य का प्रगति परिशीलन हेतु समिति में अनुसन्धान कार्य को दर्शाना होगा, इस अनुसन्धान के आधार पर शोध लेख भी प्रकाशन हेतु देना अनिवार्य है।

सभी अनुसन्धान कार्य प्रतिष्ठान परिसर कार्यालय, उज्जैन में ही करना होगा। प्रतिष्ठान में आवासीय सुविधा उपलब्ध नहीं है। सभी को प्रतिष्ठान परिसर में वेद अनुसन्धान केन्द्र में भारतीय वेष-भूषा में ही रहना होगा । निष्पादित अनुसन्धान कार्य प्रतिष्ठान की सम्पत्ति मानी जाएगी एवं अनुसन्धान कार्य का प्रकाशन - अधिकार प्रतिष्ठान के पास रहेगा। इस पर कोई रायल्टी देय नहीं होगी।

**डीटीपी/ एमटीएस /कार्यालय स्टाफ की कौशल परीक्षा होगी।**

आवेदन-पत्र प्रतिष्ठान ई-मेल msrvvpujn@gmail.com पर भेजने की अंतिम तिथि 25 जनवरी, 2021, सायं 5.00 बजे है। प्रतिष्ठित विद्वान् तथा विश्वविद्यालयों के माननीय कुलपति महोदयों/कुलसचिवों/वेद विभागाध्यक्षों से निवेदन हैं, कि वे वरिष्ठ विद्वानों का नाम शोध अध्येता हेतु बायोडाटा सहित रेफर कर सकेंगे। आवेदन अथवा रेफर्ड बायोडाटा के चयन के लिये चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा । चयन होने पर अध्येता को ज्वाइनिंग पूर्व में सभी शर्तें अंगीकार करना होगा एवं कार्य पूर्ण करने हेतु शपथ पत्र देना है।

आवेदकों/ रेफर्ड बायोडाटा-विद्वानों को साक्षात्कार हेतु निर्देश होने पर Covid-19 की सुरक्षा का पालन कर साक्षात् उज्जैन में अपने खर्चे से अथवा आनलाईन द्वारा उपस्थित रहना होगा। अतः कृपया अपना स्मार्ट फोन जिसमें गूगल मीट हो उसकी संख्या देवें। इंटर-फेस-मीटिंग उज्जैन में होगी उसमें साक्षात् उपस्थिति अपेक्षित होगी।

इस विज्ञापन को, किसी भी कारण बताए बिना निरस्त करने /संशोधित करने /चयन प्रक्रिया को स्थगित करने का अधिकार प्रतिष्ठान के पास रहेगा।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

**सूचना** – शीघ्र ही वेद-शोध केन्द्र के शोध क्षेत्रों की सूची / Thrust areas of Veda Research Centre Activities' वेबसाईट् पर उपलब्ध रहेंगी।

**प्रतिलिपि:-**

1. सम्माननीय अध्यक्ष महोदय/ सम्माननीय उपाध्यक्ष महोदय, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन को सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रतिष्ठान वेबसाईट् पर प्रकाशनार्थ।
3. सभी संस्कृत विश्वविद्यालयों के माननीय कुलपति महोदयों/कुलसचिवों/वेद विभागाध्यक्षों को ई-मेल द्वारा प्रेषित।